# दिनांक–23.09.2013 को विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, राँची की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता (यॉँत्रिक) के परिक्षेत्राधीन कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

| क्र०सं० | विवेचना | निदेश |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियंता (यॉँत्रिक) परिक्षेत्राधीन यॉँत्रिक प्रमण्डल, मंडल शिविर, मेदिनीनगर के अनुपयोगी सामग्रियों की सूचि अब तक मूल्यांकन हेतु नहीं उपलब्ध करायी गई है। | सिंचाई यॉँत्रिक प्रमण्डल, राँची एवं बनासो का Auction हो गया है। देवघर प्रमण्डल का Auction दिनांक–30.09.13 को होना है। यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल के सामग्रियों का मूल्यांकन की सूची दिनांक–27.09.13 तक विभाग को उपलब्ध करा दिया जाय एवं भविष्य में सभी निलामी e-Auction के माध्यम से कराना सुनिश्चित किया जाय। |
| 2 | सिंचाई यॉँत्रिक प्रमण्डल राँचीः– मुख्य अभियंता (यॉँ०) द्वारा बताया गया कि सुरंगी जलाशय योजना में दोनों ऑउटलेट गेट का कार्य पूर्ण हो चुका है पर दाँया ऑउटलेट से रिसाव हो रहा है। | अभियंता प्रमुख–I, ने दिनांक–28.08.13 को स्थल निरीक्षण किया। कार्य पूर्ण हो गया है। दाँया ऑउटलेट से मात्र 1 क्यूसेक पानी का रिसाव है जो दिनांक–30.09.13 तक Leak Proof किया जाय। काँची वीयर योजना में हो रिसाव को 15 अक्टूबर तक ठीक कराने का निदेश दिया गया। |
| 3 | सिंचाई यॉँत्रिक प्रमण्डल देवघर :– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि त्रिवेणी जलाशय योजना के गेटों का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस योजना में डुमरिया एवं अमलो वितरणी के H/R का पूर्ण हो चुका है पर नहर में प्रस्तावित लाईनिग होने के कारण C/R कार्य नहीं हुआ है। | कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मुख्य अभियंता, देवघर ने अमलो वितरणी पर प्रस्तावित C/R अधीष्ठापन का कार्य को स्थागित करा दिया है। इस संबंध में मुख्य अभियंता, देवघर स्थिति स्पष्ट करें। इसकी समीक्षा दिनांक–27.09.13 को समीक्षा बैठक में की जायेगी। डूमरिया वितरणी की निविदा एक सप्ताह में कर दी जायेगी। |
| 4 | यॉँत्रिक प्रमण्डल बनासो :– मुख्य अभियंता (यॉँ) द्वारा यह बताया गया कि पंचखेरो जलाशय योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। | मुख्य अभियंता (यॉँ) को निदेश दिया गया कि इस योजना के बाँये आउट लेट में लगभग 1.5 क्यूसेक हो रहे रिसाव को दिनांक–30.09.2013 तक पूर्ण कर लिया जाय एवं मुख्य अभियंता, हजारीबाग से Satisfactory Completion Report प्राप्त होने के बाद ही भुगतान की कार्रवाई की जाय। |
| 5 | यॉँत्रिक प्रमण्डल मंडल शिविर मेदिनीनगर :– मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल–शिविर, मेदिनीनगर में चिरका जलाशय योजना, धनकई जलाशय योजना, पंडरवा जलाशय योजना एवं बाई बाँकी वीयर योजना में कार्य पूर्ण हो चुका है। | कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि इन योजनाओं में प्रयुक्त Bearing एवं Reduction Gear के Brand name का प्रमाण पत्र मुख्य अभियंता (यॉँत्रिक) देगें। इसके साथ–2 गेट के समुचित कार्यान्वयन का प्रमाण पत्र संबंधित कार्यपालक अभियंता (असैनिक) देगें। |

अन्यान्य :–

1. बैठक में उपस्थित मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), अधीक्षण अभियंता, (यॉंत्रिक), कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, राँची को निदेश दिया गया कि लतरातू जलाशय योजना में चल रहे Spillover कार्य में Counter Weight लगाकर दिनांक–30.09.2013 तक इस कार्य को अवश्य पूर्ण करा लिया जाय। कार्यपालक अभियंता, (यॉंत्रिक) सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, देवघर को निदेश दिया गया कि उनके द्वारा कराये गये कझिया वीयर योजना एवं हरना (दक्षिण) वीयर योजना में कराये गये कार्य का प्रमाण पत्र मुख्य अभियंता (असैनिक) से प्राप्त कर विभाग एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदित किया जाय। कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल शिविर–मेदिनीनगर को निदेश दिया गया कि उनके द्वारा कराये गय सभी Spillover एवं नये कार्य का प्रमाण पत्र मुख्य अभियंता (असैनिक) एवं योजना में प्रयुक्त Bearing एवं Reduction Gear के Brand name का प्रमाण पत्र मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक) से प्राप्त होने के पश्चात ही भुगतान की कार्रवाई करेगें।
2. इस वित्तीय वर्ष 2013–14 में करायें जाने वाले कार्यो का प्राक्कलन में संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन जिसमें सिंचाई उपलब्धि का भी उल्लेख हो कि दिनांक–31.10.2013 तक अवश्य समर्पित किया जाय।
3. ऐसे गेटों जिनमें कम रख–रखाव (Greasing, Rubber Sill Change इत्यादि) की आवश्यकता हो उनकी सूची Status के साथ अभी तक विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसे दिनांक–30.06.2013 तक विभाग में प्राप्त होना था, जो आज तक अप्राप्त है। इस कार्य उदासिनता के लिए मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता दोषी मानते स्पष्टीकरण पूछा जाय।
4. विशेष मरम्मति वाले गेटों की सूचि Status एवं Photographs के साथ विभाग को उपलब्ध कराया जाय।
5. मरम्मति कियें जाने वाले गेटों का Photograph कार्य शुरू करने के पहले (प्राक्कलन के साथ) एवं कार्य पूर्ण करने के पश्चात् विभाग को अवश्य उपलब्ध कराई जाय एवं इसे Internet पर भी अवश्य Upload किया जाय। इस कार्य को अभी तक नहीं किया गया है, जो खेद का विषय है। इसे दिनांक–30.09.2013 तक अवश्य Upload किया जाय।
6. सभी यॉंत्रिक प्रमण्डल अपने अधीन सभी संरचनाओं का Photograph के साथ यॉंत्रिक कार्यो के लिए एक Standard Operating procedure (SOP) तैयार कर विभाग को उपलब्ध करायेगें। इन सभी संरचनाओं का वे समय–2 पर निरीक्षण करेगें। प्रत्येक वर्ष इस संरचनाओं जैसे Gate इत्यादि को Operate करेगें, जिससे कि वें Maintain रहें। प्रत्येक वर्ष गेटों की Annual Maintenance करवाना सुनिश्चित करेगें। प्रत्येक वर्ष माह अप्रैल से अक्टूबर में सभी यॉंत्रिक कार्यो एवं गेटों की निरीक्षण कर उनके Status का प्रतिवेदन देगें। यह Status आज तक अप्राप्त है। इसे दिनांक–31.10.2013 तक अवश्य प्रतिवेदित किया जाय।
7. कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल द्वारा बताया गया कि उनके प्रमण्डल में लेखा पदाधिकारी नहीं होने के कारण वित्तीय प्रगति नहीं हो पा रही है। संयुक्त सचिव (अभि०) को निदेश दिया गया कि इस संबंध में त्वरित कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन

ह०/-

(बी० सी० निगम)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः–     /राँची/दिनांकः–..................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, राँची/देवघर/हजारीबाग/मेदिनीनगर/ अधीक्षण अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, राँची /कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, राँची / देवघर /बनासो/मंडल शिविर मेदिनीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/-

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः–                                                                                /राँची/दिनांकः–..................

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव एवं विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– 688                                                                          /राँची/दिनांकः–27.9.2013

प्रतिलिपिः–Web Manager जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। कृपया संबंधित पदाधिकारियों को E-mail से प्रेषित करें।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता